an>

Title: Need to arrange the payment of dues by NAFED to the Tilam Sangh and Groundnut farmers of Bikaner in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): राजस्थान में मेरे संसदीय क्षेत्र बीकानेर में 4 खरीद केन्द्रों यथा बीकानेर, नोखा, श्रीडूंगरगढ़ और लूनकरणसर में किसानों से मूंगफली खरीदी गई जो 1,20,230.80 मीट्रिक टन राशि 480.92 करोड़ रूपये की थी। उक्त मूंगफली को तिलम संघ के द्वारा नेफेड द्वारा निर्देशित आर.एस.डब्ल्यू.सी. के गोदामों में जमा करवाया जा चुका है। परंतु अभी तक लगभग 300 किसानों को संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं किया गया है। राजस्थान सरकार ने नेफेड को इस भुगतान के लिए पत्र लिखा है।

किसानों ने मूंगफली सरकार की एजेंसियों द्वारा निर्धारित बहुउद्देशीय क्रय-विक्रय सहकारी समिति श्रीगंगानगर को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बेच दिया। एजेंसियों द्वारा किसानों को प्राप्ति रसीद भी दी गइ है। तीन महीनें बीत जाने के बाद भी किसानों को अपने माल का भुगतान नहीं हो रहा है। इसके अतिरिक्त मैं यह भी बताना चाहूंगा कि चने की फसल में इस वर्ष देरी हुई है। अतः चने की खरीद की अवधि बढ़ाने की आवश्यकता है।

राजस्थान सरकार के अति. मुख्य सचिव द्वारा नेफेड से बकाया राशि की मांग की गई। मेरी भारत सरकार के कृषि मंत्रालय से मांग है कि राजस्थान सरकार के अनुसार किसानों की बकाया राशि का भुगतान नेफेड द्वारा तिलम संघ को तथा किसानों को करवाने की शीघ्र व्यवस्था करावें।